/

# <u>कार्यालय अपर संचालक, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर (छ.ग.)</u>

## <u>विज्ञापन</u>

**"राजीव युवा उत्थान योजना" वर्ष 2019 के अंतर्गत एस.एस.सी./ बैंकिग/रेल्वे भर्ती बोर्ड/कर्मचारी चयन आयोग/छ.ग. व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क कोचिग हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित**

**प्रशिक्षण सत्र वर्ष 2023–24 हेतु**

राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 अंतर्गत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र बिलासपुर में एस.एस.सी., बैंकिंग भर्ती बोर्ड, रेल्वे भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, छ.ग. व्यापम/अन्य विभाग/निकाय, के माध्यम से ली जाने वाली परीक्षाओं की तैयारी हेतु 100 अभ्यार्थियो को निःशुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण (कोचिंग) अनुबंधित निजी कोचिग संस्था के माध्यम से प्रदान किया जावेगा। आवश्यक शैक्षणिक अर्हता (12वीं/स्नातक उत्तीर्ण) एवं पात्रता रखने वाले अभ्यर्थी दिनांक 13/5/23 तक आवेदन पत्र आमंत्रित है। आवेदन पजीकृत डाक से भेज सकते है अथवा कार्यालय दिवस/अवधि मे स्वतः उपस्थित होकर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर मे जमा कर सकते है। अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगे।

**1– अभ्यर्थियों की पात्रता हेतु अर्हताएं '–**

1. आवेदक को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. आवेदक भारत सरकार द्वारा छ.ग. राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं छ.ग. शासन द्वारा घोषित अन्य पिछडा वर्ग से हो तथा स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हो।
3. आवेदक की न्यूनतम आयु 20 वर्ष तथा अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। न्यूनतम आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशन वर्ष में 1 जनवरी की स्थिति में की जाएगी।
4. आवेदक को बैंकिंग/रेल्वे/व्यापम/एस.एस.सी. द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं/स्नातक में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। प्राक्चयन परीक्षा उत्तीर्ण होने के उपरांत स्नातक प्रशिक्षार्थियों को प्राथमिकता देते हुए चयन किया जाएगा एवं सीट रिक्त होने पर 12वीं उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को लिया जाएगा।
5. ऐसे अभ्यर्थी जो वर्तमान में किसी शासकीय सेवा में कार्यरत हो वे इस योजना हेतु पात्र नहीं होंगे।
6. चयनित अभ्यर्थियों को योजना का लाभ केवल एक बार ही दिया जायेगा।
7. ऐसे आवेदक जिनकी स्वयं की आय या माता–पिता/पालक की आय रू. 3.00 लाख वार्षिक तक है वे योजनांतर्गत संचालित प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

2– **सीटों का निर्धारण:–** प्रत्येक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र हेतु निर्धारित 100 सीट्स में से 50 सीट अनुसूचितजनजाति, 30 सीट अनुसूचित जाति एवं 20 सीट अन्य पिछडा वर्ग हेतु आरक्षित होगी। तथापि किसी वर्ग में सीट रिक्त होने पर अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के मध्य परस्पर रिक्तियों की पूर्ति की जा सकेगी।

उपरोक्त सीट में 33 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित होगा।

3– **अभ्यर्थियों की चयन की प्रकिया:–** परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से किया जायेगा। प्राक्चयन परीक्षा के आयोजन की तिथि एवं परीक्षा केन्द्र की सूचना पृथक से दी जावेगी।

4– **प्राक्चयन परीक्षा का स्वरूप:–** (1) प्राक्चयन परीक्षा का स्वरूप तत्समय में प्रचलित परीक्षा पैटर्न के अनुरूप होगा। जिसमें सामान्यतः समसामयिक विषय, भारत का इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन, संबिधान तथा राजव्यवस्था, भारत तथा विश्व का भूगोल, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान तथा विज्ञान एवं प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, संख्यात्मक अभियोग्यता, गणितीय योग्यता, सामान्य मानसिक योग्यता, छ.ग. सामान्य ज्ञान इत्यादि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

(2) आवश्यकता अनुसार परीक्षा पैर्टन में परिवर्तन का अधिकार आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास का होगा।

(3) सीटें रिक्त होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में अभ्यर्थियों की पूर्ति की जा सकेगी।

(4) परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा ऑनलाईन आवेदन की व्यवस्था की जा सकेगी।

5– **प्रशिक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थियों को देय सुविधाएं:–** (1) प्रशिक्षण हेतु चयनित/प्रवेशित अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा चयनित कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

(2) चयनित/प्रवेशित अभ्यर्थियों को प्रतिमाह राशि रूपये 1000/– शिष्यवृत्ति विभाग द्वारा योजना अंतर्गत उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को कोई अन्य छात्रवृत्ति/शिष्यवृत्ति की पात्रता नहीं होगी।

(3) चयनित तथा दूरस्थ क्षेत्र के अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा उपलब्धता अनुसार छात्रावास की सुविधा प्रदान की जायेगी।

6– **प्रशिक्षण अवधि:–** वर्ष में 6–6 माह के दो प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जायेंगे। इस हेतु अभ्यर्थियों का चयन प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से होगा। प्रथम 6 माह में प्राक्चयन परीक्षा में चयनित व द्वितीय 6 माह में प्रतीक्षा सूची के 100–100 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। अभ्यर्थी, चयनित कोचिंग संस्था द्वारा वर्ष में आयोजित होने वाले टेस्ट सीरिज में शामिल हो सकेगे एवं समस्या का समाधान प्राप्त कर सकेगे।

7– प्रशिक्षण केन्द्र में उपलब्ध सुविधाएंः–

(1) परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने हेतु प्रवेशित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के लिए आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, एवं कोचिंग संस्था के लिए कार्यालय कक्ष आदि की व्यवस्था विभाग द्वारा की जाएगी।

(2) कोचिंग में प्रवेशित अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा कुर्सी, टेबल, बिजली, पंखा, पानी, फर्स्ट एड, लायब्रेरी आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

(3) चयनित कोचिंग संस्था द्वारा कोचिंग केन्द्र पर छात्रों के लिए विषय विशेषज्ञ, स्टेशनरी, पुस्तकें, स्टडी मटेरियल, नियमित मासिक, त्रैमासिक, छःमाही टेस्ट, व्यक्तिगत विकास, इंग्लिश स्पोकन, साक्षात्कार के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

8– गलत जानकारी के आधार पर प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी व प्रशिक्षण कार्य से निष्काशित किया जा सकेगा।

9– चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए संबंधित परीक्षा केन्द्र तक आने–जाने ठहरने का व्यय भार स्वयं आवेदक द्वारा वहन किया जायेगा।

10– चयन परीक्षा हेतु आवेदन पत्र कार्यालयीन अवधि में कार्यालय अपर संचालक, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र साईंस कॉलेज के पास चांटीडीह रोड बिलासपुर में या विभाग की वेवसाईड **WWW.bilaspur.gov.in** देखा/प्राप्त किया जा सकता है।

26/5/23

अपर संचालक

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र,बिलासपुर

# राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के अंतर्गत
# अनु.जाति, अनु.जनजाति एवं पिछडा वर्ग हेतु एस.एस.सी./ बैकिंग/रेल्वे भर्ती बोर्ड/छ.ग. व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा

(निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने हेतु आवेदन)

प्रति,

अपर संचालक
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र,
साईस कालेज के पास चांटीडीह रोड

अभ्यर्थी का पासपोर्ट साइज फोटो (स्वसत्यापित)

विषयः– प्रशिक्षण सत्र 2023–24 मे प्रवेश हेतु आवेदन पत्र।

1. आवेदक का पूरा नाम :– :– ..........................................................................
2. पिता/पति का नाम :– ..........................................................................
3. जन्म तिथि (अंको व शब्दो में) :– ..........................................................................
4. दिनांक 01.01.2023 की स्थिति मे आयु :– वर्ष .................... माह ...................... दिन .....................
5. जाति :– ..........................................................................
6. वर्ग :– अनूसूचितजन जाति/अनुसूचित जाति/अन्य पिछडा वर्ग
7. मोबाईल नं. ............................................ व्हाटसअप नं. ............................................

ई मेल :–.......................................... आधार नं. ............................................

08. शैक्षणिक योग्यताः–

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | हाई स्कूल | | | | |
| 2 | हायर सेकेण्डरी | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | |



09 क्या आपने संबंधित परीक्षाओं की तैयारी हेतु पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। (हॉ/नही) ............................................................................................................

10. पत्र व्यवहार का पता ......................................................................................

11. पिता पालक की समस्त स्त्रोतों से कुल वार्षिक आय :– ......................................................................................

12. पिता / पालक का मोबाईल नं. :–......................................................................................

13. स्थायी पता :–......................................................................................

......................................................................................

......................................................................................

14. .आवेदन पत्र के साथ स्वप्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न है:–
हाई स्कूल / हायर सेकेण्डरी/स्नातक की अंक सूची /स्थायी जाति प्रमाण पत्र/नवीन वार्षिक आय प्रमाण पत्र/निवास प्रमाण पत्र

# घोषणा पत्र

मैं ........................................................................ एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा विज्ञापन का अध्ययन किया गया कि शर्ते मान्य है। मेरे द्वारा उपरोक्त विवरण मेरे जानकारी अनुसार पूर्ण सत्य है। जानकारी असत्य पाये जाने पर चयन होने की दशा मे संस्था मेरा चयन/प्रवेश निरस्त किया जा सकता है तथा अन्य विधिक कार्यवाही की जा सकेगी।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम :–

# कार्यालय अपर संचालक, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर

## //प्रवेश पत्र//

(प्रशिक्षण सत्र 2023–24)

रोल नं. :– ..................................................

श्री/कु./श्रीमती......................................................................................................................................

पिता / पति ......................................................................................................................................

जाति(वर्ग) ..........................................................को राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के तहत प्रशिक्षण सत्र 2023–24 हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाती है।

परीक्षा केन्द्र का नाम :– ...........................................................................................

परीक्षा का समय :– ........................................................................................................

अपर संचालक
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर